भारत सरकार
केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो
कार्यालय उप नारकोटिक्स आयुक्त,
महावीर नगर प्रथम, झालावाड रोड,
कोटा – 324005, राजस्थान

सत्यमेव जयते

Government of India
Central Bureau of Narcotics
O/o The Dy. Narcotics Commissioner
Mahaveer Nagar-I, Jhalawar Road,
Kota-324005,Rajasthan

STD : 0744, PBX : 2438928, DNC : 2438929; ANC: 2438927
E-mail: dynarcotics@bsnl.in ; dnc-kota@cbn.nic.in Website : www.cbn.nic.in

F.No.I(22)-5/Adm/2018-

Dated:-14.03.2024

निविदा

इस कार्यालय के अधीनस्थ जिला अफीम अधिकारी कार्यालयों के विभिन्न तौल केन्द्रो जैसे कोटा, झालावाड़, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, I/ II/ III प्रतापगढ़ I/ II, रामगंजमंडी इत्यादि पर माह अप्रैल, 2024 के प्रथम सप्ताह से अफीम तौल का कार्य किया जायेगा, जिसमें अफीम के तौल एवं प्रयोगशाला में सेम्पल लेने हेतु प्रयोग होने वाले बैलेंसों के रख – रखाव हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है। प्रत्येक तौल केन्द्र पर 4 प्लेटफार्म बैंलेस तथा 1 प्रेसीजन बैलेंस का रखरखाव करना होगा, जिनकी संख्या घटाई व बढ़ाई भी जा सकती है। बैलेंसो का विवरण निम्न है:

S.No.	Name of equipments	Specifications
1	Plax TP Electronic weighing Scale PL size 500x500 mm with Printer	Capacity – 40 Kgs. Accuracy – 10 grams
2	Platform Balance (Make Contech)	Capacity – 40 Kgs. Accuracy – 10 grams

नियम व शर्ते

1. सभी बैलेंस मय प्रिन्टर बैलेंस विभिन्न संख्या में कार्यालय जिला अफीम अधिकारी, कोटा/ झालावाड़/ भीलवाड़ा/ चित्तौड़गढ़ – I/ II/ III प्रतापगढ़ I/ II मे रखे हैं, जिन्हे निविदादाता जांच कर मरम्मत करेगा। जांच हेतु निविदादाता कार्य दिवस में उपरोक्त कार्यालय में सुबह 09.30 बजे से 18.00 बजे तक जा सकते है।
2. सभी बैलेंस अफीम तौल कार्य हेतु विभिन्न अफीम तौल केन्द्रों पर जायेंगे। बैलेंसों तथा प्रिन्टरों की मरम्मत, रखरखाव तथा पूरे तौल कार्य के दौरान कार्य स्थिति में रखने की जिम्मेदारी निविदादाता की होगी। मरम्मत में लगने वाले पार्टस भी निविदादाता द्वारा ही लगाए जाएगें। समस्त बैलेंसों मय प्रिन्टर को तौल केन्द्र पर लगाने (Installation), तौल के दौरान समस्त रखरखाव (Maintenance) एवं नियमित चलाने की जिम्मेदारी स्वयं निविदादाता की होगी।
3. निविदादाता को निविदा प्रति बैलेंस के रखरखाव मय पार्टस एवं सभी उपकरण संसाधनो को सम्मिलित करते हुए देनी होगी, जिस पर "अफीम तौल कार्य हेतु बैलेंस की निविदा" अंकित होना चाहिए। किसी भी प्रकार के कर (tax, GST) का विवरण अलग से दर्शाना होगा। जी.एस.टी. रजिस्टर्ड फर्म का ही कोटेशन मान्य होगा।
4. प्रत्येक तौल केन्द्र पर निविदादाता को दो प्रशिक्षित कर्मचारी रखने होगें जो बैलेंसों का रख–रखाव कर सके एवं प्रिन्ट निकाल सके। प्रशिक्षित कर्मचारी की दर निविदा में अलग से दी जाए।
5. सभी बैलेंसों का सत्यापन सर्टिफिकेट राज्य नाप–तौल विभाग से प्राप्त कर तौल कार्य प्रारम्भ होने से पूर्व संबंधित जिला अफीम अधिकारी को प्रस्तुत करना होगा, जिनका भुगतान राज्य तौल विभाग के मूल बिल प्रस्तुत करने पर विभाग द्वारा किया जायेगा।
6. निविदादाताओं को धरोहर राशि रूपये 10000/– (दस हजार मात्र) का नगद/ बैंक ड्राफ्ट जो **अधीक्षक कार्यपालक, केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो, कोटा** के नाम देय होगा, जो निविदा के साथ जमा करानी होगी फर्म द्वारा संतोषजनक कार्य न किए जाने की स्थिति में फर्म का भुगतान रोका जा सकता है/काटौती की जा सकती है एवं धरोहर राशि जप्त की जा सकती है।
7. इस संदर्भ में कोई भी कानूनी कार्यवाही कोटा न्यायालय के अधीन होगी।

क्रमशः पृ–2

8. सर्वाधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित होगा। किसी भी निविदा/सभी निविदाओं को बिना कारण बताए निरस्त करने अथवा नई निविदा आमंत्रित करने का अधिकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित होगा।
9. निविदादाता अपनी निविदा कार्यालय उप नारकोटिक्स आयुक्त कोटा मे दिनांक 11.03.2024 तक समय दोपहर 02 बजे तक प्रस्तुत कर सकेंगे तत्पश्चात प्राप्त निविदा को दिनांक 11.03.2024 को ही समय दोपहर 03 बजे तक कार्यालय उप नारकोटिक्स आयुक्त कोटा में इस आशय हेतु बनाई गई कमैटी के समक्ष खोला जायेगा।

(जे.एस. राजपुरोहित)
सहायक नारकोटिक्स आयुक्त
राजस्थान, कोटा

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. श्रीमान सहायक नारकोटिक्स आयुक्त, ग्वालियर को इस आशय से प्रेषित है कि कृपया उक्त निविदा को विभाग की वेब साईट www.cbn.nic.in पर देने का श्रम करें।
1. जिला अफीम अधिकारी, कोटा, झालावाड़, चित्तौड़गढ़–I/II/III, भीलवाड़ा प्रतापगढ I/II. को इस आशय से प्रेषित है कि अपने क्षेत्र की प्रचलित फर्मो को निविदा देने हेतु सुचित करें।

सहायक नारकोटिक्स आयुक्त
राजस्थान, कोटा